पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार

नई दिल्ली
9 मार्च, 2015

वर्ष 2014-15 में संरक्षित स्मारकों के संरक्षण पर 19,338 लाख रू. खर्च किये गये

वर्ष के लिए 23575.90 लाख रू के आबंटन की तुलना में संरक्षित स्मारकों के संरक्षण और रख-रखाव पर वर्ष 2014-15 में (02.03.2015 तक) 19,338 लाख रू की राशि खर्च की गई है। सदृश प्रयोजन के लिए वर्ष 2013-14 में 16,963.86 लाख रू की राशि खर्च की गई थी, जबकि वर्ष 2012-13 में 14866.80 लाख रू. खर्च किए गए।

यह सूचना लोकसभा में एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में डॉ. महेश शर्मा, केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा नागर विमानन राज्य मंत्री द्वारा दी गई थी।

अनुपूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए, डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि एएसआई के अधीन 3685 संरक्षित स्मारक हैं। मंत्री महोदय ने कहा कि संरक्षित स्मारकों के संरक्षण एवं रख-रखाव का कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा नियमित रूप से किया जाता है और इन सभी सतत प्रयासों के कारण, ये परिरक्षण की अच्छी स्थिति में हैं।

डॉ. महेश शर्मा ने यह भी बताया कि मंत्रालय उत्तर-पूर्व और छतीसगढ़ सहित जनजातीय क्षेत्रों में स्थित विरासत स्थलों के विकास हेतु प्रतिबद्ध है।